रामानुजन
महाविद्यालय
NAAC द्वारा मान्यता प्राप्त ग्रेड 'A++'
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
सी .आर.पार्क मेन रोड
कालका जी, नई दिल्ली- 110019
फोन नंबर 26430192 फैक्स नंबर – 26421826

Ramanujan College
Accredited Grade 'A++' by NAAC
(University of Delhi)
C.R Park Main Road
Kalka Ji, New Delhi- 110019
Ph. No. 26430192. Fax No. – 26421826

दिनांक: ०२ /०४/ २०२३

प्रेस विज्ञप्ति

अंतर विश्वविद्यालाय संसदीय बाद विवाद प्रतियोगिता

"यदि आप किसी से ऐसी भाषा में बात करते हैं जो उसे समझ में आती है तो वह उसके दिमाग तक पहुंचती है। लेकिन, यदि आप उससे उसकी मातृभाषा में बात करते हैं तो बात उसके दिल में उतरती है" -नेल्सन मंडेला

वाद-विवाद विचारों को साझा करने और सूचनाओं का गंभीर रूप से विश्लेषण करने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। हिन्दी वाद विवाद की इसी संस्कृती के संचार हेतु रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय की एन.एस.एस इकाई और तर्क विभाग ने संयुक्त तत्वावधान में अंतर विश्व विद्यालय संसदीय वाद-विवाद प्रतियोगिता के द्वितीय संस्करण का 1 से 2 अप्रैल, 2023 तक गालिब सभागार में आयोजन किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन एन.एस.एस एवं तर्क विभाग संयोजक डॉ आलोक रंजन पांडेय के सहयोग एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मौडल टाउन, दिल्ली से विधायक श्री अखिलेश पति त्रिपाठी द्वारा निर्णायकों को सम्मानित करके किया गया।

प्रतियोगिता को आगे बढ़ाते हुए संचालकों ने विभिन्न कॉलेजेस जैसे की हिंदू विश्वविद्यालय, श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, रामजस विश्वविद्यालय, दयाल सिंह विश्वविद्यालय, शिवाजी विश्वविद्यालय आदि से आए हुए प्रतिभागियों की कुल 24 टीमों की उपस्थिति दर्ज कराई। संचालकों ने सबसे पहले वक्तव्य के नियम और समय सीमा बताई। फिर टीमों को क्रमशः प्रथम राउंड के विषय बताए। सभी टीमों को भारतीय रेल गाड़ियों के नाम दिए गए थे। सभी प्रतिभागी जोश से भरे हुए थे। प्रथम दिवस को तीन राउंड में वाद विवाद हुए जिसमें प्रतिभागियों ने निर्णायको के सामने आत्मविश्वास से अपने विचार प्रस्तुत किए । हर राउंड के पश्चात प्रतिभागियों ने फीडबैक फॉर्म भरवाए गए ताकि पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता बनी रही । कुछ विषय जिनपर रोचक विवाद देखने को मिला वो कुछ इस प्रकार हैं : साम्यवादी सदन का मानना है कि इतिहास लेखन एक सामंती फैंटेसी है ; परमाणु हथियार विश्व में शांति स्थापित करती हैं आदि।

सभी प्रतिभागियों को सरकार पक्ष व विपक्ष के दलों मे विभाजित किया गया था। दिवस दो तक हमारे साथ 8 टीमें प्रतियोगिता में बची । तीन राउंड की प्रतियोगिता के पश्चात टीमें एलिमिनेट होती चली गई । आखिर में टीम वंदे भारत पक्ष से और अवध आसाम विपक्ष से आमने सामने थी। आखिरी बहस का विषय था यह सदन मानता है की भारतीय समाज, परिवार और विवाह नामक संस्था में व्याप्त बुराइयों का अंत सामाजिक साम्यवाद से ही किया जा सकता है । निर्णय हेतु 8 निर्णायको की मंडली बैठी । इस विषय पर दोनो ही दलों ने बेहद रोचक तर्क प्रस्तुत किए। आखिर में वंदे भारत की पक्ष ने पहला स्थान हासिल किया। इस टीम के प्रतिभागी थे हर्ष और अनुभव। दूसरा स्थान अवध आसाम ने हासिल किया जिसके प्रतिभागी थे सौरव और गौतम । प्रथम और द्वितीय विजेता टीमों को क्रमशः 5000 और 2500 का नकद पुरस्कार और योग्यता प्रमाण पत्र दिया गया।

एनएसएस इकाई और तर्क इकाई के छात्रों के संयुक्त प्रयासों से कार्यक्रम सफल रहा।